आकाशवाणी जयपुर–अजमेर
प्रादेषिक समाचार

दिनांक 17.03.2024 समय 18.30

- लोकसभा चुनाव के मद्दे नजर राज्य में आदर्श आचार संहिता की पालना कराने के लिए जुटा निर्वाचन विभाग –प्रोटोकॉल के अनुसार कार्यवाही जारी।
- जिला निवार्चन अधिकारियों ने चुनाव को लेकर तैयारियां तेज की –मतदाता जागरूकता गतिविधियों का भी हो रहा है आयोजन।
- राज्य में अलग–अलग हादसों में चार लोगों की मृत्यु।
- प्रदेशभर में फागोत्सव का उल्लास–खाटू श्याम जी का फाल्गुन मेला परवान पर।

0000

मुख्य निर्वाचन अधिकारी प्रवीण गुप्ता ने कहा है कि राज्य में आचार संहिता की पालना सुनिश्चित कराने के लिए जिला निर्वाचन अधिकारियों ने कार्यवाही शुरू कर दी है। आज विभिन्न पार्टियों के प्रतिनिधियों को आचार संहिता व अन्य विषयों के बारे में जानकारी देने के बाद मीडियाकर्मियों को संबोधित करते हुए श्री गुप्ता ने कहा कि आचार संहिता की पालना कराने के लिए प्रोटोकाल के अनुसार कार्यवाही की जा रही है।

------------------

उन्होंने कहा कि दिव्यांगजनों और 85 वर्ष से अधिक आयु के मतदाताओं को इस बार भी घर पर वोट देने की सुविधा दी जाएगी। श्री गुप्ता ने कहा कि सभी मतदाता वोटर हेल्पलाइन ऐप पर ऑनलाइन वोटर लिस्ट में अपना नाम देख सकते है ओर इसी ऐप पर अपना नाम भी जुड़वा सकते हैं। लोकसभा चुनाव में इस बार प्रदेश के 5 करोड़ 32 लाख से ज्यादा मतदाता अपने मत का प्रयोग करेंगे। मुख्य निर्वाचन अधिकारी प्रवीण गुप्ता ने बताया कि इनमें 2 करोड़ 77 लाख से अधिक पुरूष और लगभग 2 करोड़ 54 लाख महिला मतदाता हैं। थर्ड जेंडर मतदाताओं की संख्या 616 है। वहीं 1 लाख 41 हजार 193 सर्विस मतदाता हैं। चुनाव के लिए इस बार प्रदेशभर में 51 हजार 756 मतदान केंद्र बनाये गये हैं। इसके साथ ही 1 हजार 95 सहायक मतदान केन्द्र भी बनाए गए हैं। इनमें सबसे ज्यादा 2 हजार 611 मतदान केन्द्र बाड़मेर लोकसभा क्षेत्र में हैं। उन्होंने बताया कि 85 वर्ष से अधिक आयु के वरिष्ठ नागरिकों और 40 प्रतिशत से अधिक दिव्यांग श्रेणी के विशेष योग्यजन मतदाताओं को लोकसभा चुनाव में पहली बार होम वोटिंग की सुविधा दी जाएगी।

श्री गुप्ता ने बताया कि मतदाता सूची में नाम जोड़ने की प्रक्रिया जारी है। लोकसभा आम चुनाव के लिए नामांकन की अंतिम तिथि से 10 दिन पहले तक पूरक सूचियां अपडेट की जाएंगी। निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि वोटर मतदाता सूची में अपना नाम जुड़वाने के लिए निर्वाचन आयोग के मतदाता सेवा पोर्टल, मतदाता हेल्पलाइन एप और बीएलओ एप का उपयोग कर सकते हैं।

श्री गुप्ता ने बताया कि उम्मीदवार के लिए चुनाव खर्च की सीमा 95 लाख रुपये तय की गयी है। खर्च की निगरानी के लिए आयोग की ओर से पर्यवेक्षक नियुक्त किये गये हैं। प्रदेश में आदर्श आचार संहिता की पालना के लिए 2 हजार 19 उड़न दस्ते और 2 हजार 70 स्थैतिक निगरानी दलों का गठन किया गया है। गौरतलब है कि प्रदेश की 25 लोकसभा सीटों में चार अनुसूचित जाति और तीन अनुसूचित जनजाति के लिए आरक्षित हैं। वहीं 18 सीटें सामान्य वर्ग के लिए हैं।

000

निर्वाचन आयोग ने सर्वोच्च न्यायालय की रजिस्ट्री से प्राप्त डिजिटल डाटा आज अपनी वेबसाइट पर अपलोड कर दिया है। यह डाटा निर्वाचन आयोग की वेवसाइट पर देखा जा सकता है। निर्वाचन आयोग ने एक बयान में कहा है कि सर्वोच्च न्यायालय के निर्देश के अनुसार राजनीतिक दलों ने चुनावी बॉड से संबंधित डाटा सीलबंद लिफाफे में दिया था और लिफाफे को खोले बिना इन्हें सर्वोच्च न्यायालय को सौंपा

गया था। न्यायालय के 15 मार्च के निर्देश के अनुसार सर्वोच्च न्यायालय की रजिस्ट्री ने यह डाटा सील कवर में फिजिकल माध्यम से और पेनड्राइव में चुनाव आयोग को वापस कर दिया है।

000

लोकसभा चुनाव का कार्यक्रम घोषित होने के साथ ही प्रदेश के निर्वाचन अधिकारियों ने तैयारियां तेज कर दी हैं। सवाईमाधोपुर जिले में शांतिपूर्ण तथा भयमुक्त चुनाव के मद्दे नजर जिला प्रशासन ने धारा 144 लागू कर दी है, जो 5 जून मध्य रात्रि तक प्रभावी रहेगी। जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. कुशाल यादव ने आदर्श आचार संहिता की पालना को लेकर दिशा–निर्देश जारी किये हैं। वहीं बूंदी में भी जिला प्रशासन ने निषेधाज्ञा लागू की है। डूंगरपुर जिला निर्वाचन अधिकारी ने आज कलेक्ट्रेट सभागार में राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों की बैठक लेकर आदर्श आचार संहिता की पालना सहित कई विषयों की जानकारी दी। टोंक जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि आदर्श आचार संहिता के प्रभावी रहने तक सभी सरकारी और निजी स्थानों पर किसी भी प्रत्याशी द्वारा बिना अनुमति के लगायी जाने वाली प्रचार सामग्री को प्रतिबंधित किया गया है। चित्तौडगढ और कपासन में भयमुक्त मतदान करने के उद्देश्य से सुरक्षा बलों ने फ्लैग मार्च निकाला। भरतपुर संभाग के डीग जिले के कामां में सुरक्षा बलों ने फ्लैग मार्च निकाला और मतदाताओं से भयमुक्त होकर मतदान करने की अपील की।

0000

लोकसभा चुनाव के मद्देनजर आकाशवाणी समाचार जयपुर की ओर से मतदाता जागरूकता के लिये संदेश श्रृंखला शुरू की गई है। इसमें श्रोता संदेश भेजकर आमजन को वोट डालने के लिए प्रेरित कर सकते हैं। श्रोता अपने संदेश रिकॉर्ड कर या टाईप कर व्हॉट्सअप नम्बर 94140–52368 पर भेज सकते हैं। चुनिन्दा संदेशों को समाचार बुलेटिनों में स्थान दिया जाएगा। इसी कड़ी में आज सुनिये सीकर जिले से हमारे श्रोता का संदेश –

000

चुनावों की तारीख की घोषणा के साथ ही प्रदेश में मतदाता जागरुकता के कार्यक्रमों में तेजी आ गयी है। इसी कड़ी में डूंगरपुर में आज जिला निर्वाचन विभाग की ओर से जागरुकता रैली निकाली गई। स्कूली बच्चों और स्काउट्स गाइड्स ने रैली के माध्यम से मतदान करने का संदेश दिया। उधर, श्रीगंगानगर जिले में मतदान केन्द्रों पर विशेष अभियान चलाया जा रहा है।

000

प्रदेश में दो अलग–अलग हादसों में चार लोगों की मृत्यु हो गई। जयपुर में दिल्ली–अजमेर एक्सप्रेस राजमार्ग पर आज अज्ञात वाहन की टक्कर से पति–पत्नी की मृत्यु हो गई। हरमाडा निवासी पति–पत्नी मोटरसाईकिल पर सवार होकर सांगानेर जा रहे थे। इस दौरान यह हादसा हुआ। वहीं बूंदी जिले के केशोरायपाटन में नहर में नहाने गए चार बालक पानी में बह गए। इनमें से दो बच्चों को लोगों ने सुरक्षित बाहर निकाल लिया। वहीं दो बालक नहर में बह गए, जिनके शव कोटा नगर निगम के गोताखोर दल ने चार घंटे की मशक्कत के बाद बाहर निकाल लिये। इस हादसे पर लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने शोक व्यक्त किया है और मृतकों के परिजनों से बातचीत कर अपनी संवेदना व्यक्त की है।

000

दत्तात्रेय होसबोले एक बार फिर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरकार्यवाह चुन लिए गए हैं। उनका चयन संघ की अखिल भारतीय प्रतिनिधि सभा ने किया। श्री होसबोले का कार्यकाल वर्ष 2027 तक होगा। अखिल भारतीय प्रतिनिधि सभा का तीन दिन का यह वार्षिक आयोजन नागपुर के रेशमबाग़ इलाक़े में स्मृति भवन परिसर में शुक्रवार से शुरु हुआ था। इस बैठक में संघ से जुड़े संगठनों के डेढ हज़ार से अधिक प्रतिनिधियों की भागीदारी रही।

000

होली का त्यौहार नजदीक आने के साथ ही प्रदेश में होली का रंग चढने लगा है। विभिन्न स्थानों पर फागोत्सव के आयोजन हो रहे हैं। बृज क्षेत्र भरतपुर में विभिन्न संगठनों की ओर से होली महोत्सव के आयोजन किये जा रहे हैं तो वहीं आज खाटू श्याम मंदिर में हल्दी मेहंदी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें महिलाओं ने एक दूसरे को मेहंदी लगाकर होली उत्सव मनाया तथा हल्दी से होली खेलकर ब्रज की परंपरा का निर्वहन किया। इसके अलावा भरतपुर के खिरनी घाट पर ब्रज होली महोत्सव के तहत मथुरा वृंदावन के कलाकारों ने मनमोहक फूलों की होली की प्रस्तुति देकर संमा बांध दिया। इस दौरान कलाकारों ने वृंदावन की थीम पर लड्डू होली, अबीर होली के साथ ही ब्रज रसिया की प्रस्तुति देकर होली के माहौल को रंगीन बना दिया। वहीं सीकर जिले के खाटूश्याम जी में चल रहा मेला इन दिनों परवान है। आज मेले के सातवें दिन फागोत्सव की धूम है।

रींगस से पदयात्रा करके आने वाले भक्त तोरण द्वार पर गुलाल से होली खेल रहे हैं वहीं कई भक्त बाबा श्याम के भजनों पर नृत्य कर रहे हैं। मेले में अब तक छह लाख से ज्यादा श्रद्धालु दर्शन कर चुके हैं। खाटू में मुख्य मेला 20 मार्च को आयोजित होगा। उधर, बाड़मेर मे भी इन दिनों फागोत्सव की धूम है। विदेशी सैलानी भी होली के रंग में रंगे नज़र आ रहे हैं।

000

प्रदेश में कई स्थानों पर तापमान में बढ़ोतरी होने से गर्मी का असर बढ़ गया है। एक–दो स्थानों को छोड़कर लगभग सभी जगह अधिकतम तापमान 30 डिग्री सेल्सियस से ऊपर रिकॉर्ड किया गया। मौसम केन्द्र जयपुर के अनुसार पिछले 24 घंटों में सबसे ज्यादा 35 दशमलव 6 डिग्री सेल्सियस तापमान फलौदी में दर्ज किया गया। इसके अलावा बाड़मेर में 35 दशमलव 5, डूंगरपुर में 34 दशमलव 2, जैसलमेर में 33 दशमलव 5, जोधपुर में 32 दशमलव 5 और चित्तौढगढ़ में 32 डिग्री सेल्सियस तापमान रिकॉर्ड किया गया। वहीं राजधानी जयपुर में पारा 30 दशमलव 7 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। राज्य में अगले एक सप्ताह तक मौसम शुष्क रहने का पूर्वानुमान है।

000

भरतपुर में लोहागढ़ केसरी कुश्ती दंगल का आयोजन किया गया। दंगल में राजस्थान के अलावा उत्तर प्रदेश, हरियाणा और दिल्ली के 120 पहलवानों ने भाग लिया। कुश्ती दंगल के दौरान दर्शकों और पहलवानों को मतदान करने की भी शपथ दिलाई गई। साथ ही 18 वर्ष की आयु पूरी कर चुके युवाओं से मतदाता सूची में नाम जुड़वाने की अपील भी की गई । दंगल में रोमांचकारी मुकाबलों में फाइनल कुश्ती जीतने वाले पहलवानों को गुर्ज, पट्टा और प्रोत्साहन राशि देकर पुरस्कृत किया गया ।

000